DailyUPNews
उत्तरप्रदेश

लखनऊ की यह बिटिया अमेरिका में छाई, राष्ट्रपति बराक ओबामा ने दिया अवार्ड

Edited by: ravi shanker on August 12, 2016.

यूपी की राजधानी लखनऊ की एक बेटी ने अपने माता-पिता के साथ पुरे देश का नाम रौशन किया है. जयनी नाम की इस बेटी को एक बारे में जान आप भी इस पर गर्व करेंगे. क्योंकि भारत की जयनी ने अमेरिका में अपने टैलेंट का कमाल दिखाया है. इस बात के लिए जयनी को अमेरिका के राष्ट्रपति बराक ओबामा ने आउटस्टैंडिंग एकेडमिक एचीवमेंट अवार्ड-2016 से सम्मानित की है.

जयनी राजधानी में स्थित **स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज के डायरेक्टर भरत राज सिंह** की पोती है. एयरो बाइक के अविष्कारक भरत द्वारा पर्यावरण पर लिखे दो चैप्टर भी अमेरिका ने अपने पाठ्यक्रम सम्मिलित किया है. जबकि इन्हें भी वर्ष 2014 और 2015 में दो वार लिम्का बुक ऑफ़ वर्ल्ड रिकॉर्ड अवार्ड दिया जा चूका है. बता दें कि जयनी के पिता राहुल और उनकी माता निधि अमेरिका में रहते हैं. राहुल बीटेक के बाद पेरिस और फिर शादी के बाद अपनी पत्नी निधि सिंह के साथ अमेरिका में बस गए हैं.

Link: http://www.dailyupnews.in/jayani-get-outstanding-academic-award-2016-from-varak-obama/